संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत, पति और सास से पूछताछ

सोहसा मठिया / कुशीनगर। रामकोला थाना क्षेत्र के सिधावें गांव के टोला इंद्रपुर माफी में मंगलवार रात एक 20 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हलचल मच गई। सूचना पर पहुंची रामकोला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान निशा के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस ने बुधवार को मृतका के पति अमित राजभर और उसकी मां को थाने ला कर पूछताछ की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से मामले को ले कर कई सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों से पूछ ताछ करने के साथ ही घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। रामकोला पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही हैपोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बकरी चराने गयी महिला से ठगी

इंदिरा बाजार कुशीनगर । चौरा खास थाना क्षेत्र अंतर्गत सुमही बुजुर्ग हैडिल मठिया नहर पुल के पास बकरी चराने गयी महिला से अज्ञात चोरों ने भ्रमित कर मंगल सूत्र व कान का टप्स छिनवती कर उचक्को द्वारा लेकर रफूचकर होने का समाचार प्राप्त हुआ हुआ है। महिला उन अज्ञात वाहन लिफ्टरो के झांसा में आकर उन लोगों के बहकावे में आकर अपने बहू को बच्चे होने की बात कही उस पर अज्ञात बाइक सवार लिफ्टरो ने महिला को झांसा देकर वयोवृद्ध महिला से झाड़ फुक के चक्कर में पड़ कर उचक्को द्वारा मंगल सूत्र व कान का टप्स छिनवती कर चंपत होने की सुचना प्राप्त हुआ है। ग्रामीण द्वारा चौरा खास थाना को जानकारी दी गई उसके बाद थाने की पुलिस घटनास्थल स्थल पर पहुंचे कर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के नवीनीकृत परिसर का हुआ उद्घाटन

कसया, कुशीनगर। जनपद के साखोपार में स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा साखोपार के नवीनीकृत परिसर का हुआ उद्घाटन से वातानुकूलित हो गया है।खाताधारकों के लिए बैठने के लिए आराम दायक कुर्सीयां लगाई गई हैं साथ ही स्वच्छ पेयजल की



बुधवार को बड़े ही धूमधाम से हुआ।

नवीनीकृत परिसर में खाता धारकों को पहले अब बेहतर सुविधा मिलेगी।

बुधवार की सुबह उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा साखोपार के नवीनीकृत परिसर का उद्घाटन मुख्यअतिथि प्रशाशनिक प्रमुख एम. के. झा व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक प्रदीप कुमार बारिक ने फीता काटकर किया। नवीनीकृत परिसर अब पूरी तरह व्यवस्था भी की गई। साथ ही पूरे परिसर कों आधुनिक रूप से तैयार कर ग्राहकों को पहले से बेहतर सुविधा मुहैया कराने के किए प्राइवेट बैंको के मॉडल के रूप में व्यवस्थित कर दिया गया है।शाखा प्रबंधक मनराज मिश्र ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत व आभार ज्ञापित किया ।

इस दौरान फिल्ड आफिसर स्नेहा सिंह, कैशियर रुपेश कुमार,सुरेश,राहुल चौबे,पंकज तिवारी आदि मौजूद रहें।

क्लिनिक में घुसकर असिस्टेंट की पिटाई, चार हिरासत में

समउर बाजार कुशीनगर । तमकुहीराज थाना क्षेत्र के समउर बाजार में बुधवार दोपहर में करीब एक बजे दो बाइकों पर सवार आधा दर्जन युवकों ने दंत चिकित्सक के क्लिनिक का शटर गिरा कर अंदर मौजूद असिस्टेंट की बेरहमी से पिटाई करने लगे । दुकान में पहले से बिजली का काम कर रहे युवक के बीच-बचाव करने पर उसे भी मारा पीटा जब वह सेटर उठाकर बाहर आया और उसी के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे लोगो को देख मारपीट कर रहे लोग फिल्मी स्टाइल में बाइक पर बैठ कर अपने हाथ में लिए डंडे से लोगो धमकाते हुए भाग गए । इस बीच खाना खाने गए दुकानदारों के पहुंचने पर पुलिस को सूचना दिया गया तब पुलिस हरकत में आई।

घटना को अंजाम देकर ये लोग फाजिलनगर की तरफ बाइक से तेज गति से निकले सूचना पर पहुंची पुलिस ने चार युवकों को हिरासत में लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।पुलिस आपस की सीसी टीवी कैमरे की फुटेज खँगाल रही है जिससे और जानकारी जुटाई जा सके । बताते चले कि , समउर बाजार से फाजिलनगर जाने वाले मार्ग पर न्यू पीएचसी के समीप किराये के मकान में उक्त दंत क्लिनिक चलता हैं। जिसमे बिहार के कटेया थाना क्षेत्र के रुदलपुर गांव निवासी 24 वर्षीय गौरव पांडेय सहयोगी के रूप में काम करते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बुधवार दोपहर करीब एक बजे ,दो बाइकों पर सवार छह युवक पहुंचे। इनमें तीन क्लिनिक का शटर बंद कर डंडे लेकर अंदर घुस गए, जबकि तीन अन्य डंडे लेकर बाहर खड़े हो कर पहरा देने लगे, चुकी उक्त क्लीनिक कस्बे से बाहर है दोपहर में आसपास दुकाने सुनी पडी थी,रोड पर कोई नहीं था जिसका लाभ ये लोग उठा कर घटना को कारित कर उक्त असिस्टेंट को बुरी तरह से पीट घायल कर फरार हो गए । चीख-पुकार सुनकर आसपास के दुकानदार पहुंचे तो बाहर खड़े युवकों ने उनसे भी मारपीट करने का प्रयास किया।इसके बाद आरोपी शटर खोलकर बाहर निकले और भीड़ बढ़ने पर फाजिलनगर की तरफ भाग गए। सूचना पर समउर बाजार पुलिस चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से पूछताछ की।सूचना पर कस्बे के व्यपरियों में आक्रोश है । दूसरे पक्ष से जानकारी लेने पर मामला संदिग्ध लगा ये तो जाँच का विषय है । इस संबंध में चौकी प्रभारी अखिलेश यादव ने बताया कि चार युवकों को हिरासत में लेकर तमकुहीराज भेजा गया है। डॉक्टर से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने कसया की नवीन सब्जी मंडी से हटवाया अवैध अतिक्रमण

कसया, कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत कसया पडरौना रोड पर स्थित नवीन सब्जी मंडी में हुए अवैध अतिक्रमण को मंडी समिति



की शिकायत पर प्रशासन द्वारा हटवाया गया।

मंडी सचिव द्वारा 24 अक्टूबर को क्षेत्राधिकारी कसया को पत्र भेजकर अवगत कराते हुए जिला विपणन अधिकारी के 17 अक्तूबर 2026 के पत्र का जिक्र करते हुए बताया कि हाट पैड मंडी समिति कसया में दो हाट पैड नीलामी चबूतरा निर्मित है। जिनपर व्यापार कर रहे व्यापारियों को सार्वजनिक और व्यक्तिगत रूप से नीलामी चबूतरा खाली करने को कई बार कहा गया है लेकिन अभी तक खाली नहीं किया गया। मंडी समिति के अनुरोध पर प्रशासन द्वारा बुधवार को कार्यवाही की गई। प्रशासन के निर्देशन में भारी सुरक्षा बल की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर नपा कर्मियों ने अतिक्रमण हटवाया। प्रशासन और नपा की संयुक्त टीम ने सब्जी मंडी में अवैध अतिक्रमण को हटवाया। मंडी समिति द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से अतिक्रमण नहीं किए जाने की अपील करते हुए चेतावनी दिया कि अतिक्रमण होने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान मंडी समिति सचिव, नपा के कमोद पांडेय, अजय द्विवेदी सहित भारी संख्या में नपा कर्मचारी और पुलिस बल मौजूद रहा।

ई-कचरे के दुष्प्रभावों से विद्यार्थियों को कराया अवगत

बभनौली (कुशीनगर)। स्पेशल कैंपेन 6.0 के तहत बुधवार को तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के



कंपोजिट विद्यालय भगवानपुर में विद्यार्थियों को ई-कचरे से होने वाले प्रदूषण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के सुरक्षित निस्तारण और पर्यावरण संरक्षण में विद्यार्थियों की भूमिका पर जोर दिया गया।

❑मोबाइल, बैटरी और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को सामान्य कूड़े में न फेंकने की दी गई सीख

एआरपी आमोद उपाध्याय ने कहा कि मोबाइल फोन, चार्जर, बैटरी समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब होने के बाद पर्यावरण के लिए खतरा बन सकते हैं। इन्हें सामान्य कूड़े में फेंकने या जलाने से मिट्टी और जल प्रदूषित होने की आशंका रहती है। उन्होंने ई-कचरे को घरेलू कचरे से अलग रखने और अधिकृत रिसाइक्लर के माध्यम से निस्तारित कराने की जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों से अपने परिवार और आसपास के लोगों को जागरूक करने की अपील की। एआरपी राहुल सिंह ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बढ़ते उपयोग के साथ ई-कचरे का उचित प्रबंधन जरूरी हो गया है। अनुपयोगी मोबाइल, ईयरफोन, ईयरबड्स, कीबोर्ड और बैटरियों को इधर-उधर फेंकने के बजाय सुरक्षित तरीके से एकत्र करना चाहिए। विद्यार्थियों को घरों में ई-कचरा अलग रखने की आदत विकसित करने और अभिभावकों को भी इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान सहायक अध्यापक नीतू यादव, अनीता कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

निर्माणाधीन विद्यालय भवन का मामला तूल पकड़ा

तमकुहीराज,कुशीनगर। स्थानीय विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय नौगांवा में बन रहे भवन का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पूर्व प्रधान की अगुवाई में भारी संख्या में ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पहुंच कर



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ये लोग मानक विहीन हो रहे भवन निर्माण की विशेषज्ञ से जांच कराने की मांग की है। बुधवार को नौगांवा के पूर्व प्रधान विद्यासागर कुशवाहा की अगुवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण तहसील मुख्यालय पहुंचे।ये लोग उपजिलाधिकारी से मिलकर प्राथमिक विद्यालय नौगांवा में बन रहे भवन निर्माण में हो रहे धाधली को लेकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना कि प्राथमिक विद्यालय में हो रहे भवन निर्माण में मानक की अनदेखी कर शासनादेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है। भवन निर्माण में निर्धारित सामाग्री का उपयोग न करके वित्तीय अनियमितता हो रही रही है। इस कार्य में विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद इनका उदासीन रहना मिली भगत का संदेह पैदा कर रहा है। गुणवत्ता विहीन भवन निर्माण भविष्य में अनहोनी की कारक बन सकता है। ग्रामीणों ने इसकी जांच करा कर जिम्मेदारी के खिलाफ कार्यवाही करने एवं नौनिहालो के सुरक्षा को देखते हुए। मानक युक्त भवन निर्माण कराए जाने की मांग की है। इस दौरान, रविंद्र पटेल, संजय सिंह,दूधनाथ प्रसाद,संजय गुप्ता राजन सिंह,हरिश्चंद्र , बिगु प्रसाद, सुभाष कन्नौजिया,रितेश कुमार, राहुल गुप्ता, राधेश्याम सहित आदि लोग मौजूद रहे।

रॉकेट्री कप की तैयारियों का सीडीओ ने लिया जायजा

बभनौली (कुशीनगर)। तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के पिपराघाट स्थित रकबा जंगली पट्टी में 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के 'डॉ॰ एपीजे अब्दुल कलाम नारायणी रॉकेट्री कप-2026' की तैयारियां तेज हो गई हैं।

मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी और एसडीएम तमकुहीराज कुणाल गौरव के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने साफ-सफाई, पेयजल, अस्थायी शौचालय, प्रतिभागियों के ठहरने और परिवहन सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूरी करने तथा प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने का निर्देश दिया। विशेष रूप से आवास स्थल से आयोजन स्थल तक प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों के सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। आयोजन स्थल पर प्रतिभागियों की सुविधाओं के लिए जर्मन हैंगर

❑31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक जुटेंगे देशभर के 600 से अधिक युवा प्रतिभागी, आयोजन स्थल पर जर्मन हैंगर लगाने का काम शुरू

लगाने का काम शुरू हो चुका है। आयोजकों के अनुसार, देश के विभिन्न हिस्सों से 600 से अधिक युवा प्रतिभागी इस आयोजन में शामिल होंगे। उनके ठहरने, परिवहन, स्वच्छता और पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ सभी कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को विज्ञान, अंतरिक्ष तकनीक और रॉकेट्री के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। आयोजन के माध्यम से युवाओं को आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक गतिविधियों को करीब से समझने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही कृषि क्षेत्र में अंतरिक्ष तकनीक के उपयोग, विशेषकर फसल बीमा और फसलों के आकलन में उपग्रह आधारित तकनीकों की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया जाएगा। गंडक नदी के दियारा क्षेत्र में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम स्थानीय इलाके को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को आयोजन की जानकारी दी। उम्मीद है कि इस आयोजन से क्षेत्र में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी और युवाओं को तकनीकी शिक्षा एवं नवाचार के क्षेत्र में नई संभावनाओं से परिचित होने का अवसर मिलेगा।

उपनिरीक्षक अनिल कुमार और मोहन लाल यादव बने निरीक्षक

पडरौना /कुशीनगर। पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नति पाने वाले अनिल



कुमार और मोहन लाल यादव को सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक केशव कुमार और क्षेत्राधिकारी लाइन जयंत यादव ने दोनों अधिकारियों के कंधों पर बैज लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने दोनों अधिकारियों को पदोन्नति पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि नए पद के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं। ऐसे में पुलिसकर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। उन्होंने दोनों अधिकारियों को जनसेवा और विभागीय कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

देवतहा के अलीहुसेन ने गोरखपुर के अश्वनी को दिखाया आसमान

कोटवा बाजार/कुशीनगर।नेबुआ नौरंगिया ब्लाक क्षेत्र के सिद्ध पीठ बगही धाम में मंगलवार को कुश्ती का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्रीय पहलवानों के साथ साथ बिहार , दिल्ली, बनारस, गाजीपुर, गोरखपुर और पड़ोसी देश नेपाल के पहलवानों ने अपने कुश्ती कला का प्रदर्शन किया। महिला पहलवानों को का कुश्ती रोमांचक रहा।

कुश्ती में तौफीक बेनी गंज ने समीर पकड़ियार को,विवेक



चरिघरवा ने कौशल बेनीगंज को, गोविंद दुबौली ने अखिलेश पक ?बांगर को,सचिन विजयपुर ने कृष्णा पचफेड़ा को ,अली हुसेन देवतहा ने अश्वनी कुमार गोरखपुर को,विकास मुजरी ने मोहित बोधीछपरा को,अभय दुबे बगलहा ने पंकज यादव गोरखपुर को चित किया। तो दिशा यादव गोरखपुर,अंजू यादव अयोध्या, अखिलेश मठिया ,अरुण यादव हरपुर,

प्रदुम्न हरपुर,मंजेश बरवारतनपुर,विकास बोधि छपरा, अमन गोरखपुर,पंकज गोरखपुर,पवन हाटा छोटे पडरौना, मोनू पनियरा की कुश्ती बराबर रही।

कुश्ती का शुभारंभ सांसद विजय कुमार दुबे व विधायक विवेकानंद पाण्डेय ने संयुक्त रूप से पहलवानों का हाथ मिला कर किया। सांसद ने कहा कि कुश्ती की परंपरा वैदिक काल से चली आ रही है। वैदिक काल में हर गांवों में पाठशाला, व्यामशाला और यज्ञशाला हुआ करता था। कुश्ती से शरीर स्वस्थ रहता है। विधायक विवेकानंद पाण्डेय ने कहा कि कुश्ती सिर्फ एक मनोरंजन मात्र नहीं है। कुश्ती से पहलवान गांवों से निकल कर प्रदेश और देश स्तर नाम कमा रहे हैं।देश के विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

संचालन रवि तिवारी ने किया। निर्णायक संखी यादव रहें।

,इस दौरान हरि गोविंद रौनियार,संतोष सिंह, संतोष मणि त्रिपाठी, रामानुज मिश्र, आनंद दुबे,अजय रावण,पिंटू मिश्रा, बलदेव मिश्रा,चुम्मन तिवारी,दुर्गा सिंह,छद्दू कुशवाहा, अनिल सिंह, आदि मौजूद रहे।

मारपीट के मामले में पुलिस ने किया पाँच लोगों पर मुकदमा दर्ज

भटनी(देवरिया)स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम चुहिया में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पाँच लोगों के विरुद्ध किया मुकदमा दर्ज । चुहिया ग्राम निवासिनी सुमन देवी पत्नी दिनेश राजभर ने गाँव गाँव के ही करिश्मा पत्नी रमेश राजभर उसकी पुत्री मुस्कान पर आरोप लगाते हुए थाने में दिये गये तहरीर में लिखी है मेरी पुत्रीसपना व मुझे कुदाल व लाठी पीटाई की।बोलने पर उसके पति रमेश राजभर व पुत्री करिश्मा हम दोनों को जानसे मारने की धमकी दिये।करिश्मा का भाई ग्राम पिपरा खेमकरन थाना खुखुन्दू निवासी नारद पुत्र ललन एवं पिपरा खेमकरन थाना खुखुन्दू के ही निवासी रिशु पुत्र दीनानाथ राजभर द्वारा फोन से धमकी दे रहे कि कही रहोगे तो जला देंगे।मेरे पति बाहर रहते है है।घर पर अपनी पुत्री के साथ रह रही हुँ । पुलिस तहरीर के आधार पर धारा115(3),352,351(3)के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर पुलिस विधिक कार्यवाही कर रही है ।

सुकरौली में अनु. मोर्चा के नकुल वर्मा का फूलमालाओं स्मृति चिन्ह से किया स्वागत

सुकरौली बाजार- कुशीनगर। सुकरौली विकासखंड परिसर में भाजपा अनुसूचित मोर्चा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष नकुल वर्मा का ब्लॉक प्रमुख/प्रशासक रंजना पासवान एवं भाजपा समर्थको ने फूलमाला पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर भव्य स्वागत किया समारोह के दौरान परिसर में उत्साह और गर्मजोशी का माहौल देखने को मिला। नकुल वर्मा के स्वागत के लिए भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महेंद्र पासवान, मुन्ना पांडेय, श्रीभागवत चौहान, सत्येन्द्र कुमार सिंह, बाबूनन्दन सिंह, त्रिभुवन मिश्रा, वरुण जायसवाल, ग्राम प्रधान हरिकेश मद्धेशिया, रविन्द्र शाही, अमन त्रिपाठी, संजीव जायसवाल,सहित तमाम लोग शामिल हुए। सभी ने नकुल वर्मा का स्वागत करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। समारोह में फूलमालाओं और स्मृति चिह्न के माध्यम से अतिथि का अभिनंदन किया गया। इस दौरान उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों की सहभागिता ने कार्यक्रम को खास बना दिया। सुकरौली ब्लॉक परिसर में आयोजित इस स्वागत समारोह में आपसी सौहार्द और संगठनात्मक एकजुटता की झलक देखने को मिली।

श्रुतलेख और अंग्रेजी वर्तनी प्रतियोगिता आयोजित

कसानगंज (कुशीनगर)। ब्लॉक संसाधन केंद्र खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रभात चंद राय के नेतृत्व में श्रुतलेख और अंग्रेजी वर्तनी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें ब्लॉक के सभी प्राथमिक विद्यालयों से दो-दो बच्चों ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कसानगंज के खंड शिक्षा अधिकारी श्री राय ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य बच्चों की भाषायी दक्षता, शुद्ध वर्तनी तथा सुनने, समझने और लिखने की क्षमता का विकास करना रहा। श्रुतलेख और अंग्रेजी वर्तनी जैसी गतिविधियां बच्चों के भाषा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस आयोजन में एआरपी मोहम्मद सलीम अली, प्रवीण कुमार शुक्ल, विनोद सिंह, दिलीप कुमार और त्रिपुरारी नाथ मिश्रा की देखरेख में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर परिणाम घोषित किया ।

भव्यता से हुआ भरत मिलाप, आठ अखाड़ों के खिलाड़ियों ने दिखाया शौर्य

कसानगंज (कुशीनगर)। नगर में जय श्रीराम केंद्रीय अखाड़ा समिति के तत्वावधान में भरत मिलाप एवं प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था, परंपरा और उत्साह से सराबोर इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भरत मिलाप के भावपूर्ण मंचन और भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के बाद नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। मंगल बाजार में नगर के आठों अखाड़ों के खिलाड़ियों ने देर रात तक शौर्य और शस्त्र कला का शानदार प्रदर्शन कर लोगों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कोटकी माता मंदिर परिसर में विधि-विधान से शस्त्र पूजन के साथ हुआ। इसके बाद कस्बे के चांदनी चौक पर भव्य रूप से सजाए गए मंच पर प्रभु श्रीराम और उनके अनुज भरत के मिलाप का सजीव मंचन किया गया। इस भावपूर्ण दृश्य को देखकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इसके उपरांत आजाद चौक पर प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक का मंचन किया गया। भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया।राज्याभिषेक कार्यक्रम के बाद मंगल बाजार में नगर के आठों अखाड़ों के खिलाड़ियों के शौर्य प्रदर्शन का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा।



विभिन्न अखाड़ों के खिलाड़ियों ने पारंपरिक शस्त्र कला और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के हैरतअंगेज करतब देखकर उपस्थित दर्शक आश्चर्यचकित रह गए। पूरे आयोजन के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।नगर की इस पारंपरिक धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन ने एक बार फिर आपसी सौहार्द, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत की। भरत मिलाप, श्रीराम के राज्याभिषेक और अखाड़ों के शौर्य प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक शंभू चौधरी पूर्व चेयरमैन विजय खेतान गोलू मिश्रा भोला साहनी आनंद रौनियार रमेश अग्रहरि आशुतोष उपाध्याय विजय कुशवाहा संजय यादव हरेराम गुप्ता पिंटू अग्रहरि धीरज सिंह शोभित सिंह राम गोपाल गुप्ता विजय कन्नौजिया विक्की मद्धेशिया जमुना प्रसाद आदि मौजूद रहे।

रुदवलिया विद्यालय बना ओवर आल चैम्पियन

तुर्कपट्टी,कुशीनगर।फाजिलनगर विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय महुअवा कारखाना के परिसर में मंगलवार को परिषदीय विद्यालयों का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता उत्साह और खेल भावना के साथ सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में न्याय पंचायत के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।रुदावलिया विद्यालय ओवर आल चैम्पियन रहा।विभिन्न स्पर्धाओं के विजेता अब ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ गत वर्ष के ओवर आल विजेता रुदावलिया के अयान को बीईओ फाजिलनगर अमित कुमार,शिक्षक नेता विद्यासागर पाण्डेय एवं अविनाश शुक्ला ने संयुक्त रूप से मशाल सौंप कर किया किया। इसके बाद विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्राथमिक वर्ग की 50 मीटर बालिका दौड़ में रुदावलिया की अमृता एवं बालक वर्ग में इसी विद्यालय के आकाश प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर के ही 100 एवं 400 मीटर बालक दौड़ में भी रुदवालिया के आकाश ही प्रथम रहे। 100 मीटर बालिका वर्ग की विजेता रुदावलिया की आंचल तो 400 मीटर बालिका दौड़ में गौराखोर की अंशिका ने पहला स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग के 100 मीटर दौ ? में रुदावलिया के रेहान एवं इसी विद्यालय के कुलदीप ने 200 एवं 600 मीटर के विजेता रहे जबकि गौराखोर के नैतिक ने 400 मीटर दौ ? जीत ली। जूनियर वर्ग की कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिताओं में रुदवालिया के बालक एवं बालिका अव्वल रहे जबकि गुरवलिया एवं गौराखोर के बालक एवं बालिका उपविजेता रहे। पुरस्कार वितरण समारोह में बीईओ ने कहा कि खेलकूद बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम है। इससे अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। विशिष्ट अतिथि अविनाश शुक्ला, विद्यासागर पाण्डेय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है।आवश्यकता उन्हें उचित मंच और मार्गदर्शन देने की है, ताकि वे प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें। आयोजक नोडल शिक्षक दीपक सिंह,रामराज एवं खेल शिक्षक मंजूर आलम ने सभी अतिथियों,शिक्षकों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वेदप्रकाश त्रिपाठी ने किया। इस दौरान शिक्षक नेता फरहद अली,अमर सिंह ब्लाक व्यायाम शिक्षक संदीप त्रिपाठी, रामकुवर प्रसाद,प्रियंका यादव, मधुलिका,प्रतिभा यादव,मनोज सिंह,चिंता यादव, रंजू कुशवाहा, अत्रिमुनि मिश्र आदि मौजूद रहे।

कैम्पस सलेक्शन में मिला 80 युवाओं को रोजगार

भटनी(देवरिया)स्थानीय नगर के रामपुर खुरहुरिया में स्थित देवबक्ली सिंह प्रा 0आई टी आई स्कूल में नोएडा के डीक्शन टेक्नोलॉजी इण्डिया लिम्टेड कम्पनी द्वारा कैम्पस सलेक्शन के लिए अपनी टीम के साथ पहुंची । कैम्पस सलेक्शन में 150युवाओ ने भाग लिया ।जिसमें इण्टरमुव माध्यम 80युवाओं का कम्पनी ने सलेक्शन किया ।चयनित होने के बाद युवै का खिल उठा चेहरा ।कम्पनी द्वारा वेतन रहने एवं खाने का निःशुल्क व्यवस्था भी दिया है । स्कूल के प्रबन्धन विनय कुमार सिंह प्रधानाचार्य प्रविन्द्र सिंह संस्थापक अनिल सिंह नोडल अधिकारी श्रीनारायण सिंह ने सभी चयनित युवाओं के मनगलमय भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया ।